

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-12 सोमवार, दिनांक-08 मार्च, 2021 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.35 बजे अपराह्न तक ।**

[1] **आसन का संदेश** :-

आसन द्वारा आज अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अपने तथा सदन की ओर से शुभकामना देते हुए कहा गया कि जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता का वास होता है । भारतीय संस्कृति में माँ शारदा भवानी, धन की देवी महालक्ष्मी और शक्ति की देवी माँ दुर्गा हैं । हमारे यहां नारी पूजनीय रही है इसलिए हम सीताराम और राधाकृष्ण कहते हैं ।

महिलाएं हर स्वरूप में हमारी प्रेरणा हैं, उनके बिना जीवन की कल्पना अधूरी है, सृष्टि के निर्माण की सृजनकर्त्ता हैं । वह किसी भी सूरत में हम पुरूषों से कभी कमतर नहीं हैं । उनकी योग्यता उनके त्याग के लिए समाज सदैव उनका ऋणी है और रहेगा । प्रकृति स्वरूप हमारी महिला शक्ति स्वरूपा हम सबों को हमेशा कल्याण और सुख की प्रेरणा देती है । समाज में लिंग भेद का कोई स्थान नहीं होना चाहिए । शास्त्रों से शस्त्र तक, खेत-खलिहान से लेकर असीमित आसमान तक वह अपने बुलंदियों का परचम लहरा रही है । वह आज अपनी काबिलियत से अपनी पहचान स्थापित कर सकी है ।

महिला और पुरूष जीवनरूपी गाड़ी के दो पहिये हैं जिनका महत्व बराबर है । आज महिलाएं हर स्वरूप में सशक्त हैं, वह चाहे गृहिणी के रूप में हो या अन्य किसी रूप में हो, उसके सहयोग के बिना परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास की गाथा अधूरी है । महिला सशक्तिकरण की शुरूआत अपने घर से हमें करना होगा और बेटा-बेटी में फर्क नहीं कर उन्हें अवसर में समानता देनी होगी ।

***''हाथ में कलम से पढ़ाती है बेटियाँ, पटरियों पर ट्रेन दौड़ाती है बेटियाँ,***

***है हौसला उनके हृदय में अपार, तभी तो फाइटर प्लेन भी उड़ाती है बेटियाँ ।''***

साथ ही उम्मीद जताई गई कि राष्ट्र के विकास में महिलाएं लगातार अपनी सकारात्मक भूमिका निभाती रहेंगी ।

माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आसन से व्यक्त की गई भावनाओं को इस सदन के सभी माननीय सदस्यों की भावना से जोड़ते हुए कहा गया कि बिहार की यह विधायिका महिलाओं के सशक्तिकरण की बात हो या महिलाओं को समाज या राजनीति के मुख्य धारा में आगे बढ़ाने की बात हो, बिहार के इस विधायिका ने हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है जिसका इस देश और इस दुनिया में नाम हुआ है और इसके लिए सभी राजनीति दल के लोग धन्यवाद के पात्र हैं कि जब कभी इस देश में या दुनिया में सशक्तिकरण की बात होती है या महिलाओं को अधिकार देने की बात होती है बिहार की विधायिका एक मिसाल के रूप में सबके सामने खड़ी होती है और बिहार को देख कर सब लोग महिलाओं को ताकतवर बनाने में इसका अनुसरण करते हैं । साथ ही आसन से अनुरोध किया गया कि आज सदन के लिए सूचीबद्ध कार्यक्रमों में महिलाओं को प्राथमिकता देने का फैसला लिया जाय तो यह एक अच्छी पहल होगी ।

माननीय सदस्य, श्री भाई वीरेन्द्र द्वारा भी अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आसन द्वारा कही गयी बातों का समर्थन किया गया और महिलाओं को कैसे और बेतहर सम्मान मिले इस ओर आसन का ध्यानाकृष्ट कराया गया ।

आसन द्वारा कहा गया कि इस संबंध में सभी दल के नेताओं को पत्र दिया जायगा ।

**[2] कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन :-**

माननीय सदस्य श्री अजीत शर्मा द्वारा प्रस्ताव किया गया कि आज दिनांक-08 मार्च, 2021 को सम्पन्न हुए कार्यमंत्रणा समिति की बैठक के प्रतिवेदन पर सदन की सहमति हो ।

आसन द्वारा कार्यमंत्रणा समिति की निम्न सिफारिशों को सदन में रखा गया :-

(i) शुक्रवार, दिनांक-12 मार्च, 2021 को सभा की बैठक नहीं हो,
(ii) शनिवार, दिनांक-13 मार्च, 2021 को सभा की बैठक हो और शुक्रवार, 12 मार्च, 2021 को सदन के निर्धारित प्रश्न एवं वित्तीय कार्य सहित सभी कार्य शनिवार, दिनांक-13 मार्च, 2021 को लिए जाएं,
(iii) शेष कार्य यथावत रहेंगे ।

समिति के उक्त सिफारिशों पर सर्वसम्मति से सदन की सहमति हुई ।

**[3] <u>प्रश्नकाल</u> :-**

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।
(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न संख्या-38 स्थगित ।
(iii) 01 अल्पसूचित प्रश्न अनागत ।
(iv) 13 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।
(v) 02 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।
(vi) 91 तारांकित प्रश्न अनागत ।

आसन की सहमति से अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर माननीय महिला सदस्यगण श्रीमती संगीता कुमारी, श्रीमती रेखा कुमारी, श्रीमती शालिनी मिश्रा एवं श्रीमती भागीरथी देवी द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए ।

**[4] आसन की सूचना:-**

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि आज के लिए सूचीबद्ध तारांकित प्रश्नों में गृह विभाग के 98 प्रतिशत तथा सामान्य प्रशासन विभाग, वित्त विभाग, उद्योग विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय (नागरिक विमानन) विभाग, गन्ना उद्योग विभाग तथा वाणिज्य-कर विभाग के शत-प्रतिशत उत्तर ऑनलाईन प्राप्त हुए हैं ।

माननीय सदस्य श्री प्रह्लाद यादव द्वारा यह मुद्दा उठाया गया कि आसन से पूर्व में निदेश हुआ था कि चलते सत्र में किसी भी प्रकार का सरकारी कार्यक्रम जिसमें माननीय सदस्य अपेक्षित हों, का आयोजन नहीं किया जाएगा किन्तु दिनांक-12.03.2021 को लखीसराय जिला में एक बैठक का आयोजन किया जा रहा है ।

आसन द्वारा माननीय सदस्य को कहा गया कि आप उस पत्र की प्रति उपलब्ध करा दें, इसका संज्ञान लिया जाएगा और कड़ी कार्रवाई की जायगी ।

**[5] शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | श्रीमती भागीरथी देवी | (ii) | श्रीमती रेखा देवी |
| (iii) | श्री मिथिलेश कुमार | (iv) | श्री महा नंद सिंह |
| (v) | श्री रण विजय साहू | (vi) | श्री समीर कुमार महासेठ |
| (vii) | श्री पवन कुमार जायसवाल | (viii) | श्री मुकेश कुमार यादव |
| (ix) | श्री कृष्णनंदन पासवान | (x) | श्री जय प्रकाश यादव |
| (xi) | श्री पवन कुमार यादव | (xii) | श्री ललन कुमार |
| (xiii) | श्री आलोक कुमार मेहता | (xiv) | श्री कुंदन कुमार |
| (xv) | श्री विद्या सागर केशरी | (xvi) | श्री विजय कुमार खेमका |
| (xvii) | श्री मुरारी मोहन झा | (xviii) | श्री मो० अनजार नईमी |
| (xix) | श्री रामबली सिंह यादव | (xx) | श्री अरूण शंकर प्रसाद |
| (xxi) | श्री प्रणव कुमार | (xxii) | श्री अजय कुमार |
| (xxiii) | श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव | (xxiv) | श्री संदीप सौरभ |
| (xxv) | श्री मिश्री लाल यादव | (xxvi) | श्री महबूब आलम |
| (xxvii) | श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव | (xxviii) | श्री सुदामा प्रसाद |
| (xxix) | श्री कुमार शैलेन्द्र | (xxx) | श्री विनय बिहारी |
| (xxxi) | श्री अवध बिहारी चौधरी | (xxxii) | श्री सुनील मणि तिवारी |

माननीय सदस्य श्रीमती भागीरथी देवी एवं श्री ललन कुमार को उनकी शून्यकाल की सूचना के संक्षिप्त होने के कारण आसन द्वारा धन्यवाद दिया गया ।

माननीय सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद एवं श्री महबूब आलम के शून्यकाल सूचना पर आसन द्वारा इस पर सरकार को संज्ञान लेने का निदेश दिया ।

**[6] आसन का निदेश :-**

माननीय सदस्यगण द्वारा शून्यकाल की सूचनाएं नियमानूकुल स्वरूप में दी जानी चाहिए ताकि शून्यकाल समिति इस पर गंभीरता से विचार कर सके और सरकार भी इसका संज्ञान ले सके ।

[7] **ध्यानाकर्षण सूचनाएँ** :-

(i) माननीय सदस्य, श्री मोती लाल प्रसाद एवं अन्य सभासदों का गन्ना उद्योग विभाग से संबंधित तथा दिनांक-01 मार्च, 2021 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, श्री प्रमोद कुमार द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य, श्री अरूण शंकर प्रसाद एवं अन्य सभासदों का परिवहन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री अरूण शंकर प्रसाद द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, परिवहन विभाग, श्रीमती शीला कुमारी द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य, श्री भूदेव चौधरी एवं अन्य सभासदों का कृषि विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री भूदेव चौधरी द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, कृषि विभाग, श्री जीवेश कुमार द्वारा इसके उत्तर के लिए सदन से समय की मांग की गयी ।

तपश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 05.01 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[8] **वित्तीय कार्य** :-

**वित्तीय वर्ष 2021-2022 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-06 (ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा विधि विभाग)] पर वाद-विवाद एवं मतदान :-**

माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों में से ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित अनुदान की मांग को प्रस्तुत किया गया ।

अनुदान की मांग पर कटौती का प्रस्ताव माननीय सदस्य श्री विजय शंकर दूबे द्वारा प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया ।

वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक में अनुदान की मांग के मूल प्रस्ताव एवं इस पर प्रस्तुत कटौती के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्रीमती अनिता देवी
(ii) श्रीमती गायत्री देवी
(iii) श्रीमती शालिनी मिश्रा
(iv) श्रीमती प्रतिमा कुमारी

माननीय सदस्या श्रीमती प्रतिमा कुमारी द्वारा महिला सदस्य से आसन संचालन कराए जाने का अनुरोध किया गया । इसपर माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग द्वारा माननीय सदस्या श्रीमती ज्योति देवी के सदन में अनुपस्थित रहने की स्थिति में माननीय सदस्या श्रीमती गायत्री देवी से सदन का संचालन कराए जाने का सुझाव दिया गया जिसपर सदन की सहमति हुई ।

(माननीय सदस्या श्रीमती गायत्री देवी द्वारा आसन ग्रहण किया गया)

(v) श्रीमती संगीता कुमारी
(vi) श्रीमती अरूणा देवी
(vii) श्रीमती रेखा देवी

(viii) श्रीमती ज्योति देवी

(ix) श्रीमती नीतू कुमारी

(x) श्रीमती मंजू अग्रवाल

(माननीय अध्यासी सदस्य श्रीमती ज्योति देवी द्वारा आसन ग्रहण किया गया)

(xi) श्रीमती निशा सिंह

(xii) श्रीमती वीणा सिंह

(xiii) श्रीमती स्वर्णा सिंह

(xiv) श्रीमती मीना कुमारी

(xv) श्री रामबली सिंह यादव

(xvi) श्री अखतरूल ईमान

(xvii) श्री अजय कुमार

(xviii) श्री सूर्यकान्त पासवान

(xix) श्री मोती लाल प्रसाद

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

तदुपरान्त माननीय मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, श्री नीरज कुमार सिंह द्वारा विभाग से संबंधित जानकारी से सदन को अवगत कराया गया ।

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के अधिकांश माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

तदुपरान्त माननीय सदस्य श्री विजय शंकर दूबे का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

[9] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 39 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक-09 मार्च, 2021 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-08.03.2021

**राज कुमार सिंह**
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।